जब बाबा रामदेव ने योग सिखाते सिखाते सोनाक्षी सिन्हा को कह दिया 'मीनाक्षी'...

योग गुरू बाबा रामदेव अब सिर्फ योग के मंच पर नहीं बल्कि कई और मंचों पर भी नजर आ रहे हैं। पहले 'द कपिल शर्मा शो' पर अपने किस्सों से लोगों को हंसाने के बाद बाबा रामदेव अब डांस रिएलिटी शो में शिरकत करते नजर आए हैं। दरअसल बाबा रामदेव 'डांस रिएलिटी शो 'नच बलिए' के सेट पर पहुंचे हैं। बाबा रामदेव हों और योग न हो, ऐसा कैसे हो सकता है। 'नच बलिए' के सेट पर बाबा रामदेव ने न केवल शो के जजों को योग कराया बल्कि कंटेस्टेंट का भी फिटनेस टेस्ट ले लिया। बाबा 'नच बलिए' में शो के जजों के साथ सेट पर नजर आए। लेकिन इस सारी मस्ती के बीच बाबा से कुछ ऐसी गलती हो गई जिसपर उन्हें सोनाक्षी से माफी मांगनी पड़ी। बॉलीवुड के सुपरस्टार रहे शत्रुघ्न सिन्हा की बेटी सोनाक्षी सिन्हा इस शो की जज हैं। सोनाक्षी भी अब इंडस्ट्री में जाना पहचाना नाम हैं। लेकिन लगता बाबा रामदेव उनके नाम में थोड़ा कंफ्यूज हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो बाबा ने शो पर सोनाक्षी नाम ही गलत ले लिया। जिस पर बाकी लोग तो जोर से हंस पड़े लेकिन बाबा रामदेव ने सोनाक्षी से माफी मांग ली। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शो के जज सोनाक्षी सिन्हा, मोहित सूरी और टेरेंस लुईस ने बाबा रामदेव के साथ योग किया। लेकिन इस बीच बाबा रामदेव ने स्टेज पर गलती से सोनाक्षी सिन्हा को 'मीनाक्षी' कह दिया। उनकी इस गलती पर सभी हंसने लगे तो बाबा रामदेव ने तुरंत अपनी गलती सुधारते हुए सोनाक्षी से माफी मांग ली।

'देवसेना' अनुष्का शेट्टी ने बताया- 'बाहुबली' प्रभास और 'भल्लालदेव' राणा में से कौन है ज्यादा सेक्सी

देश की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बाहुबली में देवसेना का किरदार करने वाली अनुष्का शेट्टी इन दिनों उत्तर भारतीय दर्शकों के बीच काफी चर्चा में हैं। अनुष्का और प्रभास की बतौर देवसेना और बाहुबली कमेस्ट्री काफी पसंद की जा रही है। प्रभास और अनुष्का हालांकि पहले भी तेलुगु फिल्मों में काम कर चुके हैं लेकिन बाहुबली के बाद पूरे देश में वो सुर्खिया बना चुके हैं। पांच साल तक चली बाहुबली फिल्म की शूटिंग के कारण पूरी स्टार कास्ट में आपस में बेहद गहरे रिश्ते बन गए हैं। कई इंटरव्यू में फिल्म की कास्ट ने एक दूसरे की प्रति अपने लगाव की बात भी कही है। इस तरह के इंटरव्यू में जब अनुष्का से पूछा गया कि उन्हें प्रभास और राणा दग्गुबाती में से ज्यादा सेक्सी कौन लगता है तो देवसेना बनी अनुष्का ने ऑस्क्रीन बाहुबली प्रभास का ही नाम लिया। अनुष्का ने राणा को अपना ब्रो यानि ब्रदर मतलब भाई बताया है। इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि राणा उन्हें ब्रो कहते हैं और वो राणा को। हालांकि इस बात पर रिपोर्टर थोड़ा चक्करा गई कि अनुष्का शेट्टी को कोई ब्रो कैसे कह सकता है। एसएस राजामौली की फिल्म बाहुबली-2 बॉक्स ऑफिस पर लगभग सारे बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर चुकी है। फिल्म ने कमाई के मामले में 1500 करोड़ रुपए का बड़ा अंकड़ा छू लिया है। फिल्म विश्वस्तर पर बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म कर रही है। सभी भाषाओं के विश्वभर के कलेक्शन के आंकड़े को देखें तो फिल्म ने करीब 1,450 करोड़ का आंकड़ा छू लिया है। फिल्म ने रिलीज के पहले वीकएंड पर केवल हिंदी वर्जन ने ही 245 करोड़ की कलेक्शन कर ली थी। रिलीज को 19 दिनों के बाद हिंदी में रिलीज हुई आजतक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है।

बिखरने लगा है दीपिका पादुकोण की खूबसूरती का जलवा

कान्स फिल्म फेस्टिवल शुरू हो गया है और दीपिका पादुकोण ने पहले ही दिन से अपनी खूबसूरती का जलवा बिखेरना शुरू कर दिया है। प्रेस मीट के लिए जोहाना ओर्टिज के रेड गाउन के बाद दीपिका का रेड कारपेट लुक देखने के लिए हर कोई एक्साइटेड था और इस एक्साइटमेंट के लेवल को दीपिका ने बरकरार रखते हुए अपनाया बेहद खुबसूरत माचेर्सा शीर गाउन। दीपिका का यह लुक आपको दीवाना कर देगा। माचेर्सा का यह शीर गाउन उनकी टोन्ड बॉडी पर खूब फब रहा था। वन-शोल्डर के इस गाउन को दीपिका ने बहुत ही स्टाइलिश और इजी तरीके से कैरी किया। रेड कारपेट पर दीपिका की इस तस्वीर से आप अपनी नजरें नहीं हटा पाएंगे। उनका आइकोनिक मिडल पार्टेड और हल्के ट्विस्टेड बाल भी इस लुक पर सूट हो रहे है। अपने लुक को पूरा करने के लिए दीपिका ने पहने डायमंड इअरिंग और उसके साथ मैच करती हुई डायमंड रिंग जिसपर पर्पल स्टोन लगा हुआ है। ऑउटफिट को मैच करती हुई उनकी यह नेलपेंट भी बहुत खुबसूरत लग रही है। मैरून और पर्पल के शेड्स को मिलाकर बने शेड की इस लिपस्टिक और बिलकुल परफेक्ट मेकअप की तारीफ भी बहुत जरूरी है। लाइट-स्मोकी आईज भी कुछ कम नहीं है

अमिताभ बच्चन नहीं बच्चन परिवार का ये शख्स करेगा KBC को होस्ट

शो 'कौन बनेगा करोड़पति' की बात करते ही अमिताभ बच्चन का होस्ट करते हुआ चेहरा सामने आने लगता है। लेकिन अमिताभ बच्चन अगर इस शो को होस्ट न करें तो क्या आप इसे उतने ही चाव से देखेंगे? जी हां तैयार हो जाइये अमिताभ बच्चन के बिना इस शो को देखने के लिए। अब आपको लग रहा होगा कि एक बार फिर से शाहरुख खान इस शो को होस्ट करेंगे, तो हम आपको बता दें कि ये बुल्कुल गलत है। माना जा रहा है इस बार इस शो को बच्चन परिवार की बहू ऐश्वर्या राय होस्ट करने वाली है। मुंबई मिरर की एक रिपोर्ट के अनुसार बताया जा रहा है इस कुर्सी के लिए ऐश्वर्या राय और माधुरी दीक्षीत के नाम की चर्चा की जा रही है। शो के सीजन 9 के लिए चैनल लगातार ऐश्वर्या और माधुरी से संपर्क में है हालांकि अभी तक कुछ साफ नहीं किया गया है। अमिताभ बच्चन के अलावा शाहरुख खान भी इस लोकप्रिय शो को होस्ट कर चुके हैं लेकिन उन्हे अमिताभ बच्चन से ज्यादा पसंद नहीं किया गया था। अगर ऐसा होता है तो पहली बार कोई हीरोइन इस शो को होस्ट करती दिखाई देगी जो कि अपने आप में काफी स्पेशल होने वाला है। फिलहाल ऐश्वर्या कांस में बिजी है। वो अपनी बेटी आराध्या के साथ कांस में हिस्सा लेने पहुंची हैं।

कई दिनों से पेंटहाउस तलाश रहें सलमान, करना चाहते हैं यूलिया को गिफ्ट!

सलमान खान का नाम कथित तौर पर इन महीनों से यूलिया वंतूर के साथ जुड़ रहा है। रोमानिया की रहने वाली यूलिया को न सिर्फ सलमान ने बल्कि उनके पूरे परिवार वालों ने भी अपनाया है। कई मौकों पर यूलिया को सलमान और उनके फैमिली मेंबर्स के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करते हुए देखा गया है। वैसे, यूलिया के साथ रिश्तों पर सलमान ने कभी कुछ नहीं कहा, वे उन्हें अपनी दोस्त बताते आ रहे हैं। अब ऐसी रिपोर्ट है कि, सलमान अपनी फ्रेंड यूलिया को एक पेंटहाउस गिफ्ट करने चाहते हैं, जिसकी तलाश जारी है। यूलिया के प्रोफेशनल करियर को सवारने के लिए सलमान काफी मेहनत कर रहे हैं। सलमान फिल्मों में यूलिया को म्यूजिकल प्रोजेक्ट्स भी दिला रहे हैं। इसी बीच खबरें हैं कि सलमान अपने घर के पास यूलिया को पेंटहाउस गिफ्ट करना चाहते हैं. मिड में छपी खबर के मुताबिक, फिलहाल सलमान फैमिली के लिए प्रोपर्टी में इनवेस्ट कर रहे हैं। वह यूलिया के लिए भी घर तलाश रहे हैं। खासतौर पर सलमान चाहते हैं कि यूलिया का घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के पास हो। बताते चलें कि, अक्सर यूलिया को सलमान के साथ देखा गया है। फिल्म के सेट से वेकेशन तक, वे सलमान के आसपास ही नजर आती हैं। मार्च महीने के आखिर में सलमान की फैमिली उनकी छोटी बहन अर्पिता खान के बेटे आहिल शर्मा का बर्थडे मनाने मालदीव गई थीं। इस वेकेशन पर भी यूलिया, खान फैमिली के साथ मौजूद रहीं। सलमान और उनकी फैमिली के साथ यूलिया की तस्वीर वायरल हुई थी।

लॉफिंग ज़ोन

रमन और चमन दवा बेचने का काम करने लगे।

चमन- यह दवा ले लीजिए, इसे खाने वाला सदा जवान रहता है, कभी बूढ़ा नहीं होता। मुझे देखिए अभी मेरी उम्र अभी सिर्फतीन सौ साल है।

दुकानदार (पास खड़े व्यक्ति से बोला)- क्या तुम्हें ये तीन सौ साल के लगते हैं।

रमन- यह मैं कैसे बताऊँ! मैं तो इनके साथ डेढ सौ साल से हूँ।

□ □ □

रमन (नरेश से)- तुम्हारी पत्नी रोजाना घर में इतनी खिटपिट करती रहती है। तुम इतना तनावपूर्ण वातावरण को कैसे सह लेते हो?

नरेश (बड़े इत्मीनान से बोला)- दोस्त! ऑफिस एक ऐसा स्थान है, जहाँ आप घर के तनावों से मुक्ति पाकर विश्राम कर सकते हैं। और रोजाना मैं भी वही करता हूँ।

□ □ □

रमन-चमन आपस मे बातें कर रहे थे।

रमन (चमन से)- मेरी पत्नी दूसरी मंजिल से गिर गई।

चमन- क्या वह मर गई?

रमन- नहीं यार, यह तो अच्छा हुआ कि वह बाल-बाल बच गई।

चमन- अरे यार, तुम केवल बालों का क्या करोगे।

□ □ □

स...स...सनाटेदार



शब्दजाल - 3051

श	रा	रो	ज	गा	र	ह	ट	झ	क	चि
छ	च	र	ह	का	लै	ता	दि	शा	को	क
ट	र	ह	झि	का	म	गा	र	ला	ल	ना
प	म	दा	च	ल	क	इ	हा	अं	गा	र
व	रा	द	ष	हा	मि	री	चि	स	र	ट
ह	ह	प	द	प	ह	ला	उ	झ	न	आ
श्रं	ट	बु	अं	गा	म	ट	ह	द	ह	गा
गा	जी	वा	ला	र	र	सौ	न	ट	गा	र
र	थो	तें	व	ह	ज	दा	ने	दा	र	र
र	ल	भं	गा	र	ट	ऐ	बें	न	रु	थो
त	ड़	पा	ह	ट	ख	बे	गा	र	ह	ट

शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'गार' शब्द लगा हो. शब्द ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

रोजगार, कामगार, उदगार, भंगार, बेगार, पगार, मददगार, श्रंगार, आगार, अंगार

शब्दजाल - 3050 का हल

प्र	अ	मे	क	रा	म	रा	ज	र	प	म
न	द	क	म	व	ह्ये	ने	ग	ति	मा	हा
अ	रा	र	ला	ण	ग	अं	द	ह	प	रा
जी	ज	ल	का	रा	न	स	ध	ह	लि	ज
त	अ	अ	र	ज	जा	मे	ह	का	न	द
अ	ना	का	र	व	प	धि	त	ह	र	वि
ए	श्व	रा	ज	व	अ	ला	रा	मा	न	रा
त	न	भा	र	प	र्व	त	रा	ज	वि	ज
रा	न	वा	अ	लं	का	र	ह	न	जू	द
ज	का	ति	मा	न	सिं	ह्रा	स	का	प	श
बां	र	मे	घ	रा	ज	स	त्ता	प	र	र

मंगल सेनचा, बेंगलोर

सूडोकु नव्वाल- 3051

कठिनतम

				5	1	4		
			7				2	
		8						3
	1							8
5				4				9
7							6	
4						7		
	2				6			
		3	9	8				

MANGAL SENACHA, BANGALORE

सूडोकु नव्वाल -3050 का हल

4	7	6	3	5	2	9	1	8
5	9	8	6	7	1	4	3	2
2	3	1	8	9	4	7	6	5
6	8	5	7	3	9	2	4	1
3	2	4	5	1	6	8	7	9
7	1	9	4	2	8	3	5	6
8	4	3	2	6	5	1	9	7
1	5	2	9	4	7	6	8	3
9	6	7	1	8	3	5	2	4

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

काकुरो पहेली - 3051



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

	1	2	3	5
1				
2				
4				

1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 3050 का हल



MANGAL SENCHA,P.B.NO.3909, BANGALORE-39

फिल्म वर्ग पहेली- 3051



ऊपर से नीचे:-

1. शॉवरअली, तरूण अरोड़ा, मेघना की फिल्म-3
2. 'भागे रे मन' गीत वाली फिल्म-3
3. सनी, सलमान, करीश्मा, तब्बू की फिल्म-2
4. अमिताभ, दीपक, डिम्पल, करिश्मा की 'कभी खुशियों की' गीत वाली फिल्म-4
5. 'तेरे नाम' में सलमान की नायिका थी-3
7. कमल हासन, शाहरूख, रानी की फिल्म-1,2
9. 'जिंदगी इम्तिहान' गीत वाली अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा, शर्मिला की फिल्म-3
10. नागार्जुन, अमला की एक फिल्म-2
11. सुनील शेट्टी, रवीना, करिश्मा, की फिल्म-3
13. संजय सूरी, रेवती, गुल पनाग की 'बेनाम सा ये दर्द' गीत वाली फिल्म-2
14. 'तुम ने दी आवाज' गीत वाली फिल्म-3
15. सनी, अजय जडेजा, सेलिना की 'तुमको कितना है' गीत वाली फिल्म-2
16. 'इस टूटे दिल' गीत वाली फिल्म-2
17. राजेंद्रकुमार, शर्मिला टैगोर की एक फिल्म-3
18. 'अकेले ही अकेले चला' गीत वाली दिलीपकुमार, सायरा बानो की फिल्म-2
19. आयूब खान, आयशा जुल्का की फिल्म-3
21. 'ऐ मेरी जिंदगी' गीत वाली जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की फिल्म-2
22. राजकुमार, मीना की 'ठाड़े रहियो ओ बांके यार' गीत वाली फिल्म-3
25. 'मुझे तेरे जैसी' गीत वाली फिल्म-2
26. मनोज बाजपेयी, अरशद, तब्बू, शीबा की फिल्म-2
27. 'कैसे कटे दिन' गीत वाली राजेश खन्ना, गोविंदा, जूही, माधवी की फिल्म-2

बायें से दायें:-

1. अक्षय खन्ना, करीना की प्रियदर्शन निर्देशित एक कॉमेडी फिल्म-4
3. 'झिलमिल सितारों का आँगन' गीत वाली धर्मेन्द्र, राखी की फिल्म-3,2
5. अजय, नाना, फरदीन, उर्मिला, रेखा की 'ये सर्द आहें' गीत वाली फिल्म-2
6. 'जिस दिल में बसा था प्यार तेरा' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-3
8. सुनीलदत्त, नूतन की 'बड़ी देर भई नंदलाला' गीत वाली फिल्म-4
10. 'पर्दे में रहने दो' गीत वाली धर्मेन्द्र, संजीवकुमार, आशा पारेख की फिल्म-3
12. 'सीता और गीता' में संजीव के साथ वाली हेमामालिनी के पात्र का नाम-2
13. 'शिकदुम शिकदुम' गीत वाली अभिषेक, उदय चोपड़ा, जॉन अब्राहम, ईशा देओल, रिमी सेन की फिल्म-2
16. विकास भल्ला, काजोल की 'मेरे चेहरे पे लिखा है' गीत वाली फिल्म-3
18. 'आने वाला पल जाने' गीत वाली अमोल पालेकर, बिंदिया की फिल्म-4
20. जैकी, मोहसिन खान, नीलम की 'एक तू ही मेरा' गीत वाली फिल्म-4
22. 'तेरा काम है जलना' गीत वाली राज कपूर और नर्गिस की फिल्म-2
23. शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या, प्रिया की 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-2
24. सुदर्शन नाग निर्देशित सनी देओल, नीलम की 1991 की एक फिल्म-3
28. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-2
29. 'हम भूलेंगे' गीत वाली अमिताभ, अरशद, करिश्मा की फिल्म-4

फिल्म वर्ग पहेली- 3050 का हल

पि	या	का	घ	र		ए	ल	ओ	सी
ता	रा		र		घा	त		म	
	ना	च		चाँ		रा	खी		फ
रो		मे	हं	दी		ज		खा	की
श	र्मी	ली		सो	च		श		रा
नी			ब	ना	र	सी	बा	बू	
	ग	द	र		स		ना	म	
बा	ज		सा	थी		मि			अं
जा	ल		त		दि	ल	का	रा	जा
र		माँ		मि	ल	न			म

■ मंगल सैंणचा, बेंगलोर

अष्टयोग- 3051

	5		3			
6	38	6	32		30	7
			5	3		1
1	25	2	37		32	
5				7		4
	26	4	38		36	
	1			2	7	3

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 3050 का हल

1	2	3	4	5	6	7
2	21	1	36	6	39	5
3	5	4	6	7	1	2
4	36	2	30	1	26	6
5	6	7	1	2	3	4
6	48	6	32	4	22	3
7	6	5	4	3	2	1

शब्द पहेली - 3051



बाएँ से दाएँ

1. युवा अवस्था-3
6. स्वरूप-3
7. नायिका के विरूद्ध अभिनय करने वाली-5
8. व्यापार करने वाला-3
10. एक राशि-2
12. एक बहु उपयोगी फल, श्रीफल-4
15. कमरे के सामने छतदार खुली जगह, बरांडा-4
17. जुर्माना, दंड-2
19. सुरमा-3
21. पागलों के रहने की जगह-3,2
23. पिगालना-3
24. पिता, आविष्कारक-3

ऊपर से नीचे

2. जहां समाचार पत्र एवं पत्रिका पढने के लिए रखी जाती है-5
3. सौ करोड़-3
4. एक मसाला जो सब्जी आदि में डाला जाता है, जिसके पत्ते सुगंधित होते हैं-3
5. भस्म, जले पदार्थ का शेष-2
6. आसमान-3
9. वैधानिक रूप से स्थापित संस्था-3
11. धातु की बनी चोंच जैसी नुकीली चीज-2
13. रूढ़ि, परंपरा-3
14. गोंद, लार-2
16. दशरथ पुत्र -2,3
18. जा सकना-3
19. नियम, विधान-3
20. राजस्व, कर-3
22. नाज, नखरेवाली-2

शब्द पहेली -3050 का हल

प	त्र	का	र		च	व	ल		
ह		ज	ग	मो	ह	न		अ	
ना	ता			ह			ला	भ	
ना	ती		क	न	क		ल	य	
	ब	च	त		र	ई	स		
म	जा		रा	व	ण		फ	ल	
जा	ना			र			ती	ल	
क		अ	प	ना	प	न		का	
	प्र	ब	ल		ध	र	ध	र	

■ मंगल सैंणचा, बेंगलोर